## खबर संक्षेप

### खेत से मोटर पंप चोरी करने वाले दो आरोपितों को किया गिरफ्तार

**कटनी।** बड़वारा पुलिस ने मोटर पंप चोरी करने वाले दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। यह कार्यवाही पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष डेहरिया और एसडीओपी हेडक्वार्टर अरुण सिंह के मार्गदर्शन में की गई। पुलिस के अनुसार दिनांक 08 अगस्त को सुबह 6 बजे फरियादी खेत में पानी डालने गया था। खेत के पास रखी उसकी मोटर पंप चोरी हो गई। इसी दौरान फरियादी ने संदिग्ध व्यक्तियों को खेत के पास घूमते देखा। मामले की शिकायत थाना बड़वारा में दर्ज कराई गई। पुलिस ने जांच में पाया कि आरोपी सोनू गोड़ और भानु गोड़ ने मोटर पंप चोरी की है। पूछताछ में दोनों ने चोरी स्वीकार कर ली। आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया।

### राजस्थानी समाज भी करेगा 15 को ध्वजारोहण

**कटनी।** श्री राजस्थानी मारवाड़ी समाज कटनी एवं श्री राजस्थान नवयुवक मण्डल कटनी के तत्वावधान मे भारत की आजादी का पर्व स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर राजस्थान विवाह भवन के समक्ष 15 अगस्त दिन शुक्रवार को प्रातः 8.30 बजे समाज के वरिष्ठ कृष्ण कुमार खेमका के कर कमलों से ध्वजारोहण का कार्यक्रम आयोजित किया गया है। राष्ट्र प्रेम से ओत प्रोत इस आयोजन मे मारवाड़ी समाज के सभी बंधुओं से सपरिवार शामिल होने का अनुरोध राजू अग्रवाल, केशवदास गट्टानी, गोपाल शर्मा, प्रमोद किर्तुका, प्रमोद सरावगी, राजू खंडेलवाल, गोपाल सिंघानिया, वेंकटेश गौर, सतीश बजाज, अशोक भगेरिया, प्रकाश भौमिया, नीरज गोयल, नितिन पुरोहित, अनिरुद्ध बजाज, मनीष सेकसरिया, सोमित गोयनका, जितेंद्र सिंघानिया बृजमोहन गौर, राजीव सराफ, अभिषेक अग्रवाल, मनीष सुरेका, निखिल शर्मा, जीतेश अग्रवाल, रोहित शर्मा, अभिनंदन शर्मा, श्रीकांत शर्मा, विपुल खण्डेलवाल, राघवेंद्र गोयनका, राघव अग्रवाल, मयंक अग्रवाल, उमंग बजाज, आदि ने किया है।

### सिलौड़ी में बालक उ.मा. विद्यालय से जय स्तंभ तक निकाली गई रैली



**सिलौंडी।** शासन के निर्देश पर हर घर तिरंगा अभियान के तहत मंगलवार को शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिलौंडी से जय स्तंभ तक में तिरंगा रैली का आयोजन किया गया जिसमें बड़वारा विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह, मंडल अध्यक्ष मनीष सिंह बागरी जिला उपाध्यक्ष सुरेश राय, सरपंच पंचों संतोष कुमार, उपसरपंच राहुल राय सहित पदाधिकारियों एवं शाला स्टॉफ के साथ स्कूल के छात्र/छात्राओं ने भारत माता के जयघोष के नारे लगाते हुए तिरंगा झंडा लहराते हुए रैली निकाली। इस दौरान पूर्व मंडल अध्यक्ष प्रशांत राय, खमरिया बागरी सरपंच अनिल सिंह बागरी, सरपंच गुंडा साकेत लोनी, किशन राय, मंडल महामंत्री सदन तिवारी, राजा दहिया, शैलेश जैन अरविंद तिवारी, अन्नू पाल, राजा राय और शाला परिवार की उपस्थिति रही। रैली के समापन उपरांत जनशिक्षक संतोष बर्मन ने सभी को स्वच्छता की शपथ दिलाई। संकुल प्राचार्य चंद्रकुमार परसवार और कन्या स्कूल प्राचार्य विशाल वरकडे ने सभी का आभार व्यक्त किया।

---

**कटनी जिले में भी तीन साल पहले नवंबर 22 को हो चुकी है डकैती की घटना**

# खितौला में डकैती की घटना के बाद जिले भर में पुलिस द्वारा चलाया गया विशेष जांच अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद







चोरी, लूट की घटनाओं के बाद अब दिन दहाड़े डकैती की वारदातें भी हो रही है। पड़ोसी जबलपुर जिला के सिहोरा में खितौला तिराहे स्थित स्मॉल फाइनेंस बैंक में दिन दहाड़े हुई डकैती की वारदात से बाद सुरक्षा प्रबंधों एवं पुलिसिया कार्यवाही कटघरे में आ गई है। फाइनेंस बैंक में 5 बदमाशों ने महज 27 मिनट में करीब 15 करोड़ का सोना एवं 5 लाख रूपए नकदी लूटकर चंपत हो गए। ऐसी ही डकैती की वारदात कटनी जिले में भी हो चुकी है। साल 2022 में 26 नवंबर को बरगवां स्थित मणप्पुरम गोल्ड लोन कंपनी के ऑफिस में दिन दहाड़े पांच बदमाशों ने डकैती की वारदात को अंजाम दिया था। यहां से भी बदमाशों करीब 15 किलो सोने के जेवरात एवं नकदी रूपए लूटकर फरार हो गए थे। इस वारदात के बाद पुलिस ने दो आरोपितों को गिरफ्तार भी किया था हालांकि लूटा गया सोना बरामद करने में कामयाबी नहीं मिल पाई थी।

### पुलिस ने चलाया जांच अभियान संदिग्धों की सूचना देने हिदायत

पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा (भा.पु.से.) के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष डेहरिया के मार्गदर्शन में मंगलवार को जिले के सभी थाना क्षेत्रों में विशेष सुरक्षा जांच अभियान चलाया गया।

अभियान के तहत सभी राष्ट्रीयकृत एवं निजी बैंक, एटीएम, मध्यांचल ग्रामीण बैंक शाखाएं तथा कियोस्क केंद्रों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान संबंधित प्रबंधकों से मुलाकात कर उनके सिक्योरिटी सिस्टम का परीक्षण किया गया तथा सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत बनाने हेतु आवश्यक निर्देश दिए गए।

निरीक्षण में मुख्य रूप से सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता, अलार्म सिस्टम, गार्ड की उपस्थिति, प्रवेश-निकास की निगरानी एवं आपातकालीन प्रतिक्रिया व्यवस्था की जांच की गई। प्रबंधकों को सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित करने, तकनीकी उपकरणों की नियमित जांच एवं किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तुरंत पुलिस को सूचना देने की हिदायत दी गई।

पुलिस ने स्पष्ट किया है कि नागरिकों की सुरक्षा और वित्तीय संस्थानों की संरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है, और ऐसे निरीक्षण भविष्य में भी समय-समय पर जारी रहेंगे।

---



# देशभक्ति के नारों के साथ निकाली गई तिरंगा यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उमरियापान

आज़ादी के अमृत महोत्सव पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत मंगलवार को ढीमरखेड़ा से उमरियापान तक भव्य वाहन रैली निकाली गई। ढीमरखेड़ा जनपद पंचायत प्रांगण से शुरू हुई यह तिरंगा यात्रा पुलिस थाना सहित मुख्य मार्गों से होती हुई पकरिया तक पहुँची और वहाँ से वापस उमरियापान के अंधेली बाग में सम्पन्न हुई। अंधेली बाग तिराहे में शहीद चंद्रशेखर आज़ाद की प्रतिमा पर विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह, जिला मंत्री विजय दुबे, मंडल अध्यक्ष आशीष चौरसिया, नरेंद्र त्रिपाठी और मनीष बागरी ने माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की रैली में देश भक्ति के नारे गूँजते रहें। इस अवसर पर विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह ने कहा तिरंगा सिर्फ स्वतंत्रता का प्रतीक नहीं, बल्कि एकता, अखंडता और सांस्कृतिक गौरव का द्योतक है। यह आयोजन आम नागरिकों की देशभक्ति और राष्ट्रीय एकता का संदेश देता है।

रैली में सांसद प्रतिनिधि पद्मेश गौतम, जनपद अध्यक्ष सुनीता दुबे, पूर्व मंडल अध्यक्ष गोविंद सिंह, राजा चौरसिया, राजेश ब्यौहार, सतीश ज्योतिषी, एसडीएम निधि गोहल, जनपद सीईओ यजुवेंद्र कोरी, महामंत्री अंकित झारिया, सोनू गौतम आदि शामिल रहे।

---

**महाविद्यालय में निबंध, पोस्टर एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित**

# राष्ट्रप्रेम और स्वच्छता को जीवन का हिस्सा बनाने लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद



स्वतंत्रता दिवस की तैयारियां शुरू हो गई। इस बार भी हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता, स्वतंत्रता का उत्सव स्वच्छता के संग थीम पर राष्ट्रीय पर्व का अभियान चल रहा है! अभियान के तहत स्वामी विवेकानंद शासकीय महाविद्यालय स्लीमनाबाद मे निबंध, पोस्टर व प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की गई। निबंध प्रतियोगिता में महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। छात्र-छात्राओं द्वारा निबंध प्रतियोगिता में स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण एवं जल संरक्षण जैसे सामाजिक सरोकारों पर विशेष ध्यान दिया। शिक्षकों और विद्यार्थियों ने अपनी रचनात्मकता के माध्यम से जागरूकता फैलाने का कार्य किया।

यह कार्यक्रम देशभक्ति, सामाजिक जागरूकता और रचनात्मक अभिव्यक्ति का प्रेरणादायी उदाहरण रहा, साथ ही स्वच्छता एवं राष्ट्रप्रेम को जीवन का हिस्सा बनाने का संकल्प लिया। निबंध प्रतियोगिता मे प्रथम स्थान शालिनी काछी, दूसरा स्थान शिवानी दीक्षित, तीसरा स्थान सरस्वती साहू ने हासिल किया। अभियान प्रभारी डॉ प्रीति यादव ने स्वच्छता एवं स्वतंत्रता के महत्व के बारे मे जानकारी देते हुए कहा कि आजादी की क़ीमत हमें नहीं भूलना चाहिए! तिरंगे का सम्मान करना हमारा महत्व पूर्ण धर्म है। इसकी रक्षा तन-मन-धन से हम सभी को करनी चाहिए।

कार्यक्रम के अंत मे मानव श्रखंला बनाकर व तिरंगा रैली निकाल देशभक्ति का संदेश दिया गया। मानव श्रखंला बनाकर सभी को 'हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता, स्वतंत्रता के उत्सव' मे अधिक से अधिक लोगों की सहभागिता हेतु जागरूक किया गया।

इस दौरान प्राचार्या डॉ सरिता पांडेय, डॉ किरण खरादी, डॉ प्रीत नेगी, डॉ शैलेन्द्र जाट, डॉ अशोक पटेल, डॉ भारती यादव, अनिल शाक्य, अंजना पांडेय सहित महाविद्यालय स्टॉफ व छात्र-छात्राओं की उपस्थिति रही!

---

## साइबर सेल ने विभिन्न कंपनियों के 61 मोबाइल किये बरामद



पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देश पर सायबर सेल कटनी ने विगत 2 माह में सीईआईआर पोर्टल के माध्यम से विभिन्न कंपनियों के 61 मोबाइल फोन बरामद किए जिनकी कुल कीमत लगभग 6,25,0000 रूपए है। वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में प्रभारी सायबर सेलउनि. रूपेन्द्र सिंह राजपूत और टीम ने गुम मोबाइल से संबंधित प्राप्त आवेदनों पर त्वरित कार्रवाई की। मोबाइल मध्यप्रदेश के विभिन्न जिलों से ट्रेस कर मूल मालिकों को सुपुर्द किए गए। मोबाइल मिलने पर सभी मालिकों ने पुलिस टीम का आभार व्यक्त किया। बरामद मोबाइल ब्रांड में सैमसंग, वनप्लस, ओप्पो, वीवो, पोको, टेक्नो, रेडमी, रीयलमी, एमआई, इनफिनिक्स, लावा आदि। कार्यवाही में उनि. रूपेन्द्र सिंह राजपूत, प्र.आर. प्रशांत विश्वकर्मा, आर. शुभम गौतम, अजय शंकर, अमित श्रीपाल, चंदन प्रजापति, सतेन्द्र सिंह एवं संबंधित थानों के कर्मचारी शामिल रहे। सेंट्रल इक्विपमेंट आइडेंटिटी रजिस्टर (CEIR) पोर्टल पर चोरी या गुम मोबाइल की शिकायत ऑनलाइन दर्ज की जा सकती है। मोबाइल ब्लॉक करने से उसका गलत इस्तेमाल नहीं हो सकेगा।

---

# बस व ट्रक में भिड़ंत, आधा दर्जन घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी





मंगलवार दोपहर लगभग 2 बजे बस और ट्रक के बीच टक्कर हो गई। हादसे में बस में सवार आधा दर्जन से अधिक यात्री घायल हो गए। गनीमत रही कि इस भीषण टक्कर में किसी की जान नहीं गई। जानकारी के अनुसार बस क्रमांक MP 21 P 0377 कटनी से रीठी जा रही थी, वहीं ट्रक क्रमांक HR 38 AJ 1370 रीठी से कटनी की ओर आ रहा था। कैन नदी के आगे बन रहे आईटीआई के पास दोनों वाहन आमने-सामने भिड़ गए। टक्कर इतनी तेज थी कि बस के अंदर बैठे यात्री सीट से उछल गए और कई लोगों को हाथ-पैर एवं सिर में चोटें आईं। स्थानीय लोगों और राहगीरों ने तुरंत घायलों को बस से बाहर निकालकर इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रीठी पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल यात्रियों को शासकीय जिला चिकित्सालय कटनी रेफर किया गया, हादसे में किसी भी प्रकार की जानमाल की हानि नहीं हुई है।

स्थानीय निवासियों का कहना है कि रीठी कैन नदी के आगे बन रहा आईटीआई के पास का मोड़ और सड़क की स्थिति लंबे समय से हादसों का कारण बन रही है। यह क्षेत्र ब्लैक स्पॉट के रूप में जाना जाता है, लेकिन अब तक सड़क सुधार या चेतावनी संकेत लगाने जैसी कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। यहां पहले में भी कई छोटे-बड़े हादसे हो चुके हैं, जिससे लोगों में हमेशा भय का माहौल रहता है। सूचना मिलते ही रीठी पुलिस मौके पर पहुंची और राहत-बचाव कार्य में मदद की। हादसे के कारणों की प्रारंभिक जांच शुरू कर दी गई है।

---

**निगम कार्यालय में खुला स्टॉल, महापौर ने किया प्रोत्साहित**

# महापौर सहित निगम पार्षदों ने खरीदे स्व-सहायता समूहों द्वारा निर्मित झंडे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



नगर के हर घर में राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा आन बान और शान से लहराएगा। शासन निर्देशानुसार नगर में हर घर तिरंगा अभियान 13 से 15 अगस्त चलाया जा रहा है इस दौरान नगर में विभिन्न जन जागरूकता गतिविधियां आयोजित करने की तैयारियां चल रही है। हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने के लिए ओम शांति स्व-सहायता समूह की दीदियाँ झंडा तैयार करने के साथ ही कम दामों में नागरिकों को झण्डा मुहैया कराने में लगी है। नगर निगम कार्यालय के बाहर समूह की महिलाओं ने झंडे के विक्रय के लिए अपना झंडा स्टॉल भी लगाया है।

महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी एवं पार्षदों नें मंगलवार को इस स्टॉल में पहुंचकर झंडा खरीदा और स्व-सहायता समूह की महिलाओं को प्रोत्साहित करते हुए उनके कार्यों की सराहना की। महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने कहा कि समूह की महिलाओं द्वारा तिरंगा झंडा तैयार किया जा रहा है। तिरंगा हमारी पहचान है, इसकी प्रति सम्मान प्रकट करने के लिए विशेष रूप से अपने घर पर तिरंगा झंडा अवश्य लागाये। उन्होंने कहा कि 13 से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा अभियान चलाया जायगा। सभी शासकीय-निजी कार्यालयों, शैक्षणिक संस्थानों, अर्धशासकीय कार्यालयों, व्यावसायिक, वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों, गैर सरकारी संगठनों के कार्यालयों में तिरंगा झंडा फहराया जाएगा। निगमायुक्त श्री नीलेश दुबे ने बताया कि जिले में हर घर तिरंगा अभियान के तहत स्व सहायता समूहों के माध्यम से झंडा तैयार कराया जाकर नगर के अन्य स्थलों मे भी स्टॉल लगाकर विक्रय कराया जाएगा। नगर निगम कटनी कार्यालय परिसर के मुख्य द्वार के बाजू से स्व सहायता समूह के द्वारा तिरंगा झंडे का स्टाल लगाया गया। यह स्टॉल विभागीय अधिकारियों, कर्मचारियों, जनप्रतिनिधियों, आम नागरिकों के लिए खुला है। महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने सभी से अपील करते हुए कहा है देश भक्ति को जागृत करनें के इस अभियान में नगरवासी बढ़-चढ़कर भाग लें।

---

**जिला पंचायत अध्यक्ष, कलेक्टर एवं एसपी ने दिखाई हरी झंडी**

# हर घर तिरंगा-हर घर स्वच्छता के तहत निकाली गई भव्य तिरंगा रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



'हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छताः स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग' अभियान को जोड़ते हुए जिला प्रशासन और पुलिस ने संयुक्त भागीदारी से एक विशेष पहल की शुरुआत की। इसे जन-जन का अभियान बनाने के उद्देश्य से मंगलवार को कलेक्ट्रेट से देशभक्ति से ओत-प्रोत भव्य तिरंगा बाइक रैली निकाली गई, जिसे जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सुनीता मेहरा, कलेक्टर दिलीप कुमार यादव और पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर डीएफओ गौरव शर्मा, जिला पंचायत सीईओ शिशिर गेमावत, अपर कलेक्टर साधना परस्ते, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ संतोष डेहेरिया, एसडीएम कटनी प्रमोद कुमार चतुर्वेदी, डिप्टी कलेक्टर विवेक गुप्ता, निगमायुक्त नीलेश दुबे सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।

तिरंगा बाइक रैली कलेक्ट्रेट परिसर से प्रारंभ होकर माधवनगर चौराहा, मिशन चौक से वापस सागर पुलिया होते हुए कलेक्ट्रेट परिसर पहुंची। रैली का नजारा पूरी तरह देशभक्ति और उत्साह से भरा हुआ था। सभी प्रतिभागी अपने-अपने दोपहिया वाहनों पर सवार थे। इस दौरान हाथों में लहराते तिरंगे झंडे और चेहरों पर देश के प्रति गर्व की झलक देखने को मिली।

कलेक्टर श्री यादव ने लोगों से अपील की है कि वे स्वतंत्रता दिवस पर अपने घरों पर तिरंगा अवश्य फहराएं। साथ ही स्वच्छता बनाए रखने का संकल्प लें। रैली के दौरान जगह-जगह नागरिकों ने तिरंगा बाइक रैली का स्वागत किया।

इस रैली और अभियान का उद्देश्य सिर्फ तिरंगा फहराने का आह्वान करना नहीं था, बल्कि नागरिकों को यह संदेश देना था कि स्वच्छता और राष्ट्रभक्ति एक-दूसरे से गहराई से जुड़े हैं। वहीं, रैली के समापन स्थल कलेक्ट्रेट परिसर में सभी प्रतिभागियों और शासकीय कर्मियों ने सामूहिक रूप से स्वच्छता की शपथ ली और अपने घरों व कार्यस्थल में तिरंगा लगाने का संकल्प लिया और राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान में गगन भेदी नारे लगाए।

कलेक्टर ने बताया कि इस पहल के माध्यम से समाज में सकारात्मक परिवर्तन होगा। इस बार हर घर तिरंगा थीम में स्वच्छता को जोड़ा गया है, जिससे जिले और शहर में बड़ा बदलाव होगा। इसके माध्यम से लोगों में जागरूकता भी आएगी। उन्होंने कहा कि हम चाहते हैं कि हर नागरिक तिरंगे को गर्व के साथ फहराए और अपने घर, गली-मोहल्ले व शहर को साफ रखें। इसके साथ ही तिरंगा फहराकर सेल्फी भी अवश्य अपलोड कीजिए।

तिरंगा बाईक रैली की वापसी के बाद विधायक मुड़वारा संदीप जयसवाल, महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी, जिला पंचायत अध्यक्ष, कलेक्टर दिलीप कुमार यादव, एसपी अभिनय विश्वकर्मा, जिला पंचायत सीईओ शिशिर गेमावत, जिला भाजपाध्यक्ष दीपक टंडन सोनी, निगमाध्यक्ष मनीष पाठक ने सेल्फी प्वाइंट में सेल्फी लिया।

---



# महाविद्यालय में निबन्ध एवं पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बड़वारा

शासकीय महाविद्यालय बड़वारा मे रेड रिबन क्लब के अंतर्गत 12 अगस्त को अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष्य में एचआईवी/एड्स पर आधारित महाविद्यालय मे निबंध एवं पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. लवकुश सिंह के मार्गदर्शन में कार्यक्रम प्रभारी डॉ .दादूराम साकेत के द्वारा संचालित किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के क्रीड़ा अधिकारी डॉ. आदित्य गढेवाल एवं समस्त स्टॉफ उपस्थित रहे। पोस्टर प्रतियोगिता में सानिया मंसूरी को प्रथम स्थान एवं सुनैना साहू द्वितीय खुशी विश्वकर्मा तृतीय स्थान प्राप्त किया जिनको रेड रिबन की तरफ से पुरस्कार दिया जायेगा।

## खबर संक्षेप



### एकल विद्यालय विकास समिति की सदस्यों ने बांधी राखी

**बड़वारा।** एकल विद्यालय एवं विकास सेवा समिति के सदस्यों के द्वारा बड़वारा थाना में थाना प्रभारी कृष्ण कुमार पटेल के साथ समस्त स्टाफ एवम मीडियाकर्मियों को राखी बांध कर रक्षाबंधन मनाया। रक्षाबंधन का त्यौहार बड़ा ही पावन पर्व है जो हरछठ तक मनाया जाता है। विकास सेवा समिति के सचिव विकास यादव ने बताया भाई बहन के अटूट बंधन का त्यौहार प्रतिवर्ष पुलिस सेवा में तैनात अधिकारियों के साथ मनाते आ रहे है इस वर्ष भी यह त्यौहार मनाया गया है और सेवा के कार्य समिति के द्वारा लगातार क्षेत्र में कर रहे है। इस अवसर पर संगठन अध्यक्ष प्रिया हल्दकार , सुमित यादव, वासु यादव, श्रीकांत सिंह, काजल मौजूद रहे।

### हर घर तिरंगा हर घर स्वच्छता के तहत प्रतियोगिता आयोजित

**विजयराघवगढ़।** "हर घर तिरंगा हर घर स्वच्छताः स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग " के तहत प्राचार्य डॉ सुषमा श्रीवास्तव के मार्गदर्शन, डॉ सुमन पुरवार एवं कार्यक्रम अधिकारी धीरज डिकोनिया के नेतृत्व में प्रश्न मंच प्रतियोगिता का आयोजन किया गया प्रतियोगिता में भारत की आज़ादी, तिरंगे का महत्व, तिरंगा अभियान के ऊपर प्रशन पूछे गए प्रतियोगिता में कुल 33 छात्र छात्राओं ने भाग लिया जिसमें बी.ए. II वर्ष की छात्रा अनीता भूमिया ने प्रथम स्थान, बी ए प्रथम वर्ष की छात्रा शोभना कोल द्वितीय स्थान एवं बी ए तृतीय वर्ष के छात्र विकास दाहिया तीसरा स्थान प्राप्त किया छात्र छात्राओं ने प्रतियोगिता में उत्साहजनक पूर्व भाग लिया प्रश्न मंच प्रोतियोगिता में महाविद्यालय के समस्त अधिकारी, कर्मचारी एवं छात्र छात्राओं की सहभागिता रही ।

### कलेक्टर करेंगे स्वतंत्रता दिवस के मुख्य समारोह में ध्वजारोहण

**कटनी।** कलेक्टर दिलीप कुमार यादव 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस पर झिंझरी पुलिस मैदान में आयोजित होंने वाले मुख्य समारोह में ध्वजारोहण करेंगे और बधाई संदेश का वाचन करेंगे। कलेक्टर श्री यादव स्वतंत्रता दिवस पर प्रातः 9 बजे मुख्य समारोह में ध्वजारोहण करेंगे। इसके बाद परेड का निरीक्षण करेंगे। तदुपरांत प्रातः 9.25 बजे से 9.50 बजे तक मुख्यमंत्री जी के संदेश के वाचन का सीधा प्रसारण होगा। इसके लिए झिंझरी पुलिस मैदान में दर्शकों की सहज दृष्टव्यता के नज़रिए से कई स्थानों पर एल ई डी टीवी लगाये जायेंगे। ताकि यहां पहुंचने वालों को मुख्यमंत्री जी के संदेश को सुनने में किसी प्रकार की असुविधा न हो। यहां मार्च पास्ट और देशभक्ति से परिपूर्ण विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन होगा। साथ ही कलेक्टर इस दिन शासकीय सेवा में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित भी करेंगे।

### दुर्गादास राठौर जयंती पर आज निकलेगी रैली, होगा पौधारोपण

**कटनी।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी आज 13 अगस्त बुधवार को अपने कुल शिरोमणि वीर योद्धा वीर दुर्गादास राठौर जयंती मनाई जाएगी। सुबह 11:30 से 12 बजे तक कजलियां मिलन समारोह एवं 12 से 12:30 तक वृक्षारोपण मंदिर परिसर पर। इसके पश्चात 12:30 से 1:30 बजे तक कुलभूषण वीर योद्धा दुर्गादास राठौड़ की जयंती का कार्यक्रम चलेगा जिसमें वक्ताओं द्वारा वीर दुर्गादास राठौर के बारे में संपूर्ण जानकारी दी जाएगी। तत्पश्चात 1:30 से तिरंगा यात्रा की विशाल रैली निकाली जाएगी जो पंखिणी धाम महगवां से होकर पंच गली कांटी में समापन किया जाएगा। सभी कार्यकर्ताओं से समय का विशेष ध्यान देते हुए सुबह 11 बजे मंदिर प्रांगण में पहुंचने की अपील की गई है।

---

हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता अभियान के तहत निकाली गई रैली, लगाए नारे

# हाथों में झाड़ू लेकर सड़क पर उतरे जनप्रतिनिधि अधिकारी, श्रमदान कर दिया स्वच्छता का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

देश प्रेम, एकता, देशभक्ति की भावना और राष्ट्रीय ध्वज के बारे में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से 15 अगस्त तक 'हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता' अभियान मनाया जाकर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में मंगलवार प्रातः महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूर, जिलाध्यक्ष दीपक टंडन सोनी, नगर निगम अध्यक्ष मनीष पाठक एवं निगमायुक्त नीलेश दुबे की मौजूदगी में शहर के मुख्य रेलवे स्टेशन से पंचमुखी हनुमान मंदिर के पास मार्ग की स्वच्छता एवं सफाई के लिए श्रमदान अभियान चलाया गया। इस दौरान कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों समाजसेवियों एवं अधिकारी कर्मचारियों ने मार्ग में श्रमदान कर सफाई की तथा स्वच्छता का संदेश प्रसारित किया। वहीं महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने स्टेशन रोड मुख्य मार्ग के कपड़ा व्यवसाई मनोज पटेल सहित अन्य व्यवसाइयों एवं रहवासियों को साफ-सफाई बनाए रखने हेतु डस्टबिन का उपयोग करने की समझाइश दी गई।



कार्यक्रम समापन के पूर्व महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी द्वारा उपस्थित जनों को स्वच्छता की शपथ दिलाई जाकर नगर को साफ एवं स्वच्छ रखने में सहयोग प्रदान करने की अपील की गई। महापौर प्रीति सूरी नें कार्यक्रम में उपस्थित जनों से अपने तिरंगा अभियान के तहत अपने घरों में तिरंगा ध्वज फहराने एवं तिरंगा सेल्फी अपलोड करने का आग्रह भी किया। कार्यक्रम के दौरान कमानिया गेट गली से सुभाष चौक तक तिरंगा रैली का आयोजन किया गया। इस दौरान रैली में उपस्थित जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों, स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा हाथ में तिरंगा लेकर भारत माता की जय एवं अन्य देशभक्ति के नारे लगाए गए।

इस अवसर पर मेयर इन काउंसिल सदस्य सुभाष साहू, डॉ रमेश सोनी, सुरेंद्र गुप्ता सहित उपायुक्त शैलेश गुप्ता, पार्षद एडवोकेट मौसूफ बिट्टू, श्रीमती पैरवी बिट्टू, शकुन्तला सोनी, सीमा श्रीवास्तव, वंदना राजकिशोर यादव ,सुमित्रा रावत, ओमप्रकाश बल्ली सोनी, सुखदेव चैधरी, सचिन बहरे, पूर्व पार्षद कैलाश जैन सोगानी, विजय डब्बू रजक के अलावा नगर निगम के अधिकारी राजस्व अधिकारी जागेश्वर प्रसाद पाठक ,स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी, जयेंद्र प्रताप सिंह, संजय मिश्रा, आदेश जैन, तेजभान सिंह निगम कर्मचारी सहित ब्रांड एम्बेसडर, समाजसेवी सुनील उपाध्याय, सुरेश सोनी, आशीष गुप्ता, अनिरुद्ध नारायण सोनी, स्वप्निल पुरवार, अक्षय श्रीवास्तव, रवि खरे, नीलम जगवानी, आशुतोष मानके, निशा तिवारी, ए रविन्द्रराव स्कूल, साधुराम स्कूल, के सी एस स्कूल के छात्र छात्राओं सहित प्राचार्यों एवं शाला स्टाफ, ओम साईं विजन टीम की मौजूदगी रही।

उल्लेखनीय है कि जिले में 8 अगस्त से 15 अगस्त तक जिले में विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। राज्य शासन द्वारा हर घर तिरंगा- हर घर स्वच्छता स्वतंत्रता का उत्सव स्वच्छता के संग अभियान गतिविधि के लिए कैलेंडर जारी किया गया है। जारी कैलेंडर के अनुसार दिनांक वार विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। जिसके तहत नगर निगम प्रशासन द्वारा अभियान के तहत निगम कार्यालय में स्व सहायता समूह की महिलाओं द्वारा झंडा मेला लगाया गया हैं जहां से नागरिक निर्धारित दर पर झंडा प्राप्त कर सकते है।

---



# अर्चना की सूचना देने वाले को अंशु देंगे 51 हजार रुपए

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

इंदौर से कटनी के लिए ट्रेन में यात्रा के दौरान कटनी निवासी युवती अचानक लापता हो गई। जानकारी अनुसार अर्चना तिवारी रक्षाबंधन पर्व के लिए 7 अगस्त को कटनी जिले के लिए रवाना हुई थी लेकिन ट्रेन से अचानक लापता हो गई। गुमशुदगी दर्ज होने के बाद कटनी, भोपाल, इंदौर सहित नर्मदापुरम जिले की रेल पुलिस एक्शन में आते हुए पिछले 5 दिनों से उसकी तलाश में जुटी हुई है। एक तरफ अर्चना के परिजनों ने उसकी सूचना देने वाले को उचित इनाम देने की घोषणा की तो दूसरी ओर कटनी युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष दिव्यांशु मिश्रा ने भी कटनी की बेटी अर्चना तिवारी के सूचना देने वाले को 51 हजार से पुरुस्कृत करने की घोषणा कर दी है।

अंशु मिश्रा का कहना है कि कटनी जिले की बेटी है जो इंदौर में रहकर सिविल जज की तैयारी कर रही थी लेकिन रक्षाबंधन पर्व के लिए घर लौटते वक्त रानी कमलापति स्टेशन के पास से रहस्यमय तरीके से लापता हो गई। पिछले काफी साल से अर्चना अंशु मिश्रा को रक्षाबंधन पर राखी बांधती आ रही थी। उसकी चिंता परिजनों के साथ पूरे जिले को है। सभी चाहते है अर्चना वापस अपने घर आए। आपको बता दे अर्चना तिवारी को लेकर 4 जिले के रेल प्रशासन के साथ अब स्थानीय समाजसेवी और जनप्रतिनिधि भी समाने आने लगे है। अर्चना तिवारी की जानकारी मिलने पर पुलिस या परिवारजनों को सूचना देने की अपील की गई है।

---

*नियमों का पालन नहीं करने संयुक्त टीम ने चलाया विशेष अभियान*

# 9 वाहन चालकों पर न्यायालय ने लगाया 93 हजार रूपए का जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

यातायात पुलिस एवं आरटीओ टीम द्वारा संयुक्त रूप से बिलहरी नाका में स्कूली वाहनों के विरुद्ध विशेष अभियान के तहत यातायात नियमो का उल्लंघन करने वाले स्कूली वाहन चालकों के विरुद्ध प्रकरण पंजीबद्ध कर न्यायालय के समक्ष पेश किए गए। न्यायालय द्वारा 9 वाहन चालकों के खिलाफ 93000 का जुर्माना लगाया गया।

यातायात थाना प्रभारी राहुल पांडे ने जानकारी देते हुए कहा कि विशेष जांच अभियान के तहत पकड़े गए वाहनों में से न्यायालय द्वारा वाहन मैजिक क्रमांक MP-20-T-9033 के चालक कुलदीप पिता राजकुमार सवलानी 24 वर्ष



निवासी कैम्प कटनी, वाहन मैजिक क्रमांक MP-20-T-6745 चालक विकास पिता बांके बिहारी गुप्ता 46 वर्ष निवासी हीरागंज कटनी, वाहन मैजिक क्रमांक MP-21-CB-1871 चालक राहुल पिता शोभाराज चौधरी 25 वर्ष निवासी नैगवां, वाहन ओमनी क्रमांक MP-20-BA-8024 चालक विजय पिता लक्ष्मी नारायण गढ़वाल 23 वर्ष निवासी रोशननगर कनटी, वाहन मारूति वैन क्रमांक MP-20-BA-5032 चालक सूरज पिता राजा भुमिया 32 वर्ष निवासी स्लीमनाबाद कटनी, वाहन मैजिक बिना नम्बर चालक रवि कुमार पिता हरकेश कुमार 22 वर्ष निवासी संजय नगर कटनी, वाहन ऑटो क्रमांक MP-21-R-4850 चालक किशोरी पिता मूलचंद बेन निवासी झिंझरी, वाहन इको क्रमांक MP-21-ZD-4085 चालक सुमित साहू पिता विजय साहू 19 वर्ष निवासी बिलहरी कटनी, वाहन मैजिक बिना नम्बर चालक निरंजन कोल पिता शंकर कोल 22 वर्ष निवासी संजय नगर कटनी क्रमशः 32,500, 4500, 4500, 10,500, 500, 4500, 4500, 10,000, 21,500 कुल 09 प्रकरण में कुल जुर्माना राशि 93,000 (तेरान्नवे हजार रूपये) के अर्थ दण्ड से दण्डित कर संबंधित वाहन मालिक को वाहन सुपुर्दनामे में दिए जाने हेतु आदेशित किया गया। न्यायालय के आदेश पर संबंधित वाहन चालक को वाहन सुपुर्द किए गए।

---

## महाविद्यालय में एंटी रैगिंग कार्यशाला का हुआ आयोजन



शासकीय महाविद्यालय में एक दिवसीय एंटी रैगिंग कार्यशाला का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ सुषमा श्रीवास्तव की अध्यक्षता में आयोजित की गई कार्यशाला में विद्यार्थियों को रैगिंग के संबंध में जानकारी प्रदान कर जागरूक किया गया। महाविद्यालय में अनुशासित रहकर सोहद्रपूर्ण पूर्ण वातावरण निर्मित करने हेतु प्रेरित किया। महाविद्यालय में रैगिंग समिति एवं रैगिंग निरोधक दस्ता का गठन कर इसकी जानकारी विद्यार्थियों को प्रदान की एवं छात्रों को रैगिंग एक दंडनीय अपराध है तथा महाविद्यालय में पूर्णतः प्रतिबंधित है। कार्यशाला का आयोजन डॉ सुमन पुरवार के निर्देशन में किया गया उन्होंने बताया कि रैगिंग के लिए दोषी विद्यार्थियों को महाविद्यालय से निष्कासित किया जा सकता है कार्यशाला में धीरज डिकोनिया द्वारा रैगिंग रोकने संबंधी वक्तव्य दिया गया कार्यशाला में वरिष्ठ विद्यार्थियों द्वारा रैगिंग ना लेने हेतु संकल्प लिया गया कार्यशाला में समस्त छात्र छात्राओं की उपस्थिति रही।

---

# महापौर ने स्वच्छता मित्रों की कलाई पर राखी बांधकर दिया समरसता और भाईचारे का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

रक्षाबंधन के पावन अवसर पर नगर निगम कटनी में आयोजित विशेष कार्यक्रम में महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने स्वच्छता मित्रों को तिलक लगाकर और कलाई पर राखी बांधकर भाईचारे, सामाजिक समरसता और सम्मान का संदेश दिया। इस दौरान मेयर इन काउंसिल सदस्य डॉ रमेश सोनी, सुभाष साहू, पार्षद शकुंतला सोनी, उमेन्द्र ओमी अहिरवार,पूर्व पार्षद राज किशोर यादव सहित निगम के अन्य जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारी कर्मचारियों की मौजूदगी रही।

इस अवसर पर महापौर श्रीमती सूरी ने स्वच्छता के असली हीरो सफाई कर्मचारी भाइयों को मिष्ठान भी खिलाया और कहा कि "नगर की स्वच्छता और सुंदरता के पीछे



हमारे स्वच्छता मित्रों का अमूल्य योगदान है। रक्षाबंधन पर्व हमें याद दिलाता है कि हम सभी एक परिवार हैं और एक-दूसरे के सम्मान व सहयोग से ही समाज आगे बढ़ता है।" कार्यक्रम के दौरान स्वच्छता मित्रों ने भी महापौर को शुभकामनाएं दीं और नगर को स्वच्छ व सुंदर बनाए रखने के लिए अपने निरंतर प्रयास जारी रखने का संकल्प दोहराया।

इस दौरान नगर निगम के स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी, स्वच्छता निरीक्षक तेजभान सिंह सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे। पूरे कार्यक्रम के दौरान सौहार्द्र, अपनापन और उत्सव का माहौल देखने को मिला।

---

*देश के सबसे लंबे फ्लाई ओवर से सरल होगा परिचालन*

# ग्रेड सेपरेटर के अप-लाइन का कार्य पूर्ण, मालगाड़ी को दौड़ाकर किया स्पीड ट्रायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कटंगी झलवारा से मझगवां फाटक तक कटनी में बनाये जा रहे देश के सबसे लंबे रेलवे फ्लाईओवर का निर्माण में अप लाइन का कार्य लगभग पूरा हो गया है। अप लाइन पर मालगाड़ी का सफल ट्रायल किया गया है। यह फ्लाईओवर मालगाड़ियों के लिए बायपास मार्ग के रूप में कार्य करेगा, जिससे वे कटनी के स्टेशनों को सीधे पार कर जाएंगी। इससे यात्री ट्रेनों के आवागमन का मार्ग सरल होगा। ग्रेड सेपरेटर के अपलाइन की दूरी 15.85 किलोमीटर है। 17.52 किलोमीटर लंबे डाउन लाइन का काम जल्द होगा पूरा।

देश के सबसे लंबे रेल फ्लाईओवर (ग्रेड सेपरेटर) का अप लाइन ट्रैक तैयार हो गया है। मालगाड़ी दौड़ाकर ट्रैक की संरचना की आंतरिक जांच की गई और ट्रायल सफल रहा। यह ग्रेड सेपरेटर एक एलिवेटेड वायडक्ट है। यह रेल फ्लाईओवर कटनी जंक्शन, न्यू कटनी जंक्शन और कटनी मुड़वारा स्टेशन के ऊपर से बनाया गया है। ये मालगाड़ी के लिए बायपास मार्ग के रूप में कार्य करेगा। अप लाइन सिंगरौली और बीना रेल लाइन को ग्रेड सेपरेटर के माध्यम से सीधा जोड़ती है। बिलासपुर से बीना रेल लाइन को सीधे जोड़ने वाली डाउन लाइन के शेष कार्य को तेजी से पूरा किया जा रहा है। साल के आखिरी तक यह एलिवेटेड वायडक्ट रेलवे फ्लाईओवर पूर्ण कर लिए जाने की तैयारी है। ग्रेड सेपरेटर के बन जाने पर मालगाड़ियां कटनी के स्टेशनों को सीधे पार कर जाएंगी। इससे यात्री ट्रेनों के आवागमन का मार्ग सरल होगा।

सिंगरौली मार्ग पर कटंगी खुर्द से न्यू मझगवां तक कटनी होकर ग्रेड सेपरेटर के अपलाइन की दूरी 15.85 किलोमीटर है। यहां ट्रैक का काम पूरा होने पर मालगाड़ी चलाकर ट्रायल लिया गया। ट्रैक में संरक्षा कमियों को जांचा गया। ट्रायल में मिली कमियों को दूर किया जा रहा है। ग्रेड सेपरेटर के 17.52 किलोमीटर लंबे डाउन लाइन के कार्य को भी शीघ्र पूर्ण करने का प्रयास किया जा रहा है। 34 किलोमीटर लंबे इस ग्रेड सेपरेटर पर अप और डाउन लाइन का ट्रैक एक वायडक्ट का निर्माण करता है। परियोजना पूरी होने और आंतरिक ट्रायल में सफल रहने पर कमिश्नर रेल सेफ्टी (सीआरएस) को बुलाया जाएगा। सीआरएस की हरी झंडी मिलने के बाद ट्रैक पर ट्रेनों का आवागमन प्रारंभ होगा जिससे मालगाड़ियों को कटनी जंक्शन, न्यू कटनी जंक्शन और मुड़वारा स्टेशन एवं यार्ड में प्रवेश न करना पड़े।

बिलासपुर और सिंगरौली की ओर से आने वाली मालगाड़ियां स्टेशन एवं यार्ड के ऊपर से जाकर सीधे बीना रेल लाइन से संपर्क स्थापित कर सकें। इसके बनने से मालगाड़ियों का समय बचेगा। अतिरिक्त मालगाड़ियां चलाना संभव है। इस संबंध में मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पश्चिम हर्षित श्रीवास्तव का कहना है कि कटनी ग्रेड सेपरेटर का कार्य लगभग पूर्ण हो गया है। शेष कार्य को तेजी से पूरा करने का प्रयास किया जा रहा है।

---

15 अगस्त से शुरू होगी एक बगिया माँ के नाम परियोजना

# समूह की महिलाओं को आर्थिक रूप से बनाया जायेगा समृद्ध

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद

महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर और समृद्ध बनाने की दिशा में मध्यप्रदेश सरकार एक महत्वाकांक्षी पहल करने जा रही है। प्रदेश में महात्मा गांधी नरेगा के अंतर्गत एक बगिया मां के नाम परियोजना का शुभारंभ किया गया है। इस योजना के तहत स्वयं सहायता समूह की महिलाओं की निजी भूमि पर फलदार पौधों की बगिया विकसित की जाएगी। योजना का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को लंबी अवधि में आर्थिक संबल देना है।

इस योजना के अंतर्गत बहोरीबंद विकासखंड मे 100 के लक्ष्य के विरुद्ध 116 समूहों का पंजीयन हुआ है। पंजीयन महिलाओं ने एक बगिया मां के नाम ऐप के माध्यम से पंजीयन करा चुकी है । इस ऐप का निर्माण मनरेगा परिषद द्वारा एमपीएसइडीसी



के माध्यम से किया गया है और केवल यहीं से लाभार्थियों का चयन होगा। कोई भी अन्य माध्यम मान्य नहीं होगा।

### निजी भूमि पर लगेगा फलोद्यान, मिलेगा सहयोग

ग्रामीण आजीविका मिशन के बहोरीबंद विकासखंड प्रबंधक उभय श्रीवास्तव ने जानकारी देते हुए बतलाया कि परियोजना के अंतर्गत महिलाओं को फलदार पौधे, खाद, गड्ढे खुदाई, पौधों की सुरक्षा के लिए कटीले तार की बाड़बंदी और 50 हजार लीटर क्षमता का जल कुंड निर्माण के लिए आर्थिक सहायता दी जाएगी। जिन महिलाओं के नाम पर भूमि नहीं है, उनके पति, पिता, ससुर या पुत्र की भूमि पर सहमति के आधार पर बगिया लगाई जा सकेगी। इस योजना में पहली बार अत्याधुनिक सिपरी सॉफ्टवेयर की मदद से भूमि का चयन, परीक्षण और पौधों की किस्म तय की गई है।

#### चयनित महिलाओं को दिया जाएगा विशेष प्रशिक्षण

परियोजना के अंतर्गत प्रदेश की 31,300 से अधिक स्वयं सहायता समूह की महिलाएं लाभांवित होंगी। इनकी निजी भूमि पर 30 लाख से अधिक फलदार पौधों का रोपण किया जाएगा। प्रत्येक विकासखंड से कम से कम 100 महिलाओं का चयन होगा। चयनित महिलाओं को वर्ष में दो बार विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिससे वे बगिया की देखरेख और कृषि संबंधी तकनीकों को समझ सकें।

लाभ लेने के लिए महिला के पास न्यूनतम 0.5 एकड़ एवं अधिकतम 1 एकड़ भूमि होना अनिवार्य है। हर 25 एकड़ भूमि पर एक कृषि सखी की नियुक्ति की जाएगी, जो महिलाओं को जैविक खाद, कीटनाशक, सिंचाई और अंतरवर्तीय फसलें उगाने की जानकारी प्रदान करेंगी। परियोजना राज्य सरकार की एक अभिनव पहल है, जिसका उद्देश्य है महिलाओं को सिर्फ बगिया देना नहीं, बल्कि उन्हें आजीविका और आत्मनिर्भरता का एक स्थायी जरिया उपलब्ध कराना।

यह सॉफ्टवेयर जलवायु, मिट्टी की गुणवत्ता, पानी की उपलब्धता और पौधों की उपयुक्तता का वैज्ञानिक मूल्यांकन करता है।

### ड्रोन ओर सेटेलाइट से निगरानी

पौधरोपण की ड्रोन और सैटेलाइट इमेजिंग के ज़रिए निगरानी की जाएगी। एक विशेष डैशबोर्ड भी तैयार किया गया है, जिससे यह ट्रैक किया जाएगा कि कहां पौधरोपण हुआ है और कहां नहीं। प्रदर्शन के आधार पुरस्कार भी दिए जाएंगे।

---

# पुलिस ने महिला को पकड़ा, सवा किलो गांजा किया जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

बिलहरी चौकी पुलिस ने एक महिला को गांजा के साथ गिरफ्तार किया है। चौकी प्रभारी एसआई सुयश पांडेय ने बताया कि पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा द्वारा जिले के समस्त थाना, चौकी प्रभारियों को मादक पदार्थों पर सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए है। निर्देश के पालन में क्षेत्र भ्रमण के दौरान हायर सेकेंडरी स्कूल पिपरिया परोहा के पास एक महिला को रंगेहाथों गिरफ्तार किया। महिला अपने हाथ में एक काले रंग का पिट्ठू बैग लिए हुए खड़ी थी, जो पुलिस को देखकर भागने का प्रयास करने लगी। जिसे मौके पर उपस्थित महिला स्टाफ द्वारा पकड़कर चेक किया गया। पकड़ी गई घिंशु बाई पति स्व. बट्टी लाल कुशवाहा 57 वर्ष निवासी ग्राम पिपरिया परोहा चौकी बिलहरी के पास मिले काले



रंग के पीट्ठू बैग में 1 किलो 269 ग्राम मादक पदार्थ गांजा पाया गया। उक्त आरोपी से अवैध मादक पदार्थ गांजा जप्त कर उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध कर आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।

कार्यवाही में एएसआई राम सिंह, प्र आर. धर्मेंद्र यादव, संतोष प्रजापति, प्रआर. सविता, आर. विकास का योगदान रहा।

## खबर संक्षेप

### दक्षिण पन्ना वन विभाग ने प्रशिक्षण उपरांत वितरित किए लैपटॉप, खिल उठे ट्रेनीज के चेहरे

**पन्ना।** अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर दक्षिण पन्ना वनमण्डल द्वारा ग्रीन इंडिया मिशन अंतर्गत आजीविका विकास प्रशिक्षण प्राप्त 9 युवाओं को लैपटॉप प्रदान किए गए। यह पहल युवाओं को डिजिटल कौशल के माध्यम से आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। लैपटॉप प्राप्त करने वाले युवाओं में शुभि गुप्ता, सौरभ राजपूत, सुमित नगायच, रजनी नामदेव, निकेतन रिछारिया, बलराम रजक, अनिकेत लखेरा, साक्षी सिंह एवं सुखचेन बर्मन शामिल रहे। अरण्य भवन पवई में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य वन संरक्षक, छतरपुर वन वृत्त नरेश सिंह यादव तथा दक्षिण पन्ना वनमण्डल अधिकारी अनुपम शर्मा ने प्रशिक्षुओं को लैपटॉप प्रदान किए। इस अवसर पर उपवनमण्डल अधिकारी (प्रशिक्षु भा. व. से.) अक्षत जैन, वन परिक्षेत्र अधिकारी नितेश पटेल, स्थानीय वन अमला एवं प्रशिक्षुओं के परिजन उपस्थित रहे। ग्रीन इंडिया मिशन के अंतर्गत दक्षिण पन्ना वनमण्डल द्वारा पवई एवं शाहनगर क्षेत्रों में विगत महीनों में 90 युवाओं को वेब डिजाइनिंग एवं कंप्यूटर ऑपरेटर के प्रशिक्षण प्रदान किए जा चुके हैं।

### जबेरा में निकाली गई हर घर तिरंगा यात्रा, छात्रों और जनप्रतिनिधियों ने बढ़ चढ़कर निभाई सहभागिता

# तिरंगा हमारी एकता, सम्मान और गौरव का है अमर प्रतीकः राज्यमंत्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबेरा



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के आव्हान पर देशभर में हर घर तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत मंगलवार को जबेरा विधायक एवं मध्य प्रदेश शासन में संस्कृति पर्यटन राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार धर्मेंद्र सिंह लोधी के मार्गदर्शन में जबेरा में भव्य हर घर तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। जिसमें जनप्रतिनिधियों, शिक्षकों, छात्र छात्राओं एवं नगर वासियों ने बड़ चढ़कर सहभागिता निभाई। हर घर तिरंगा यात्रा का शुभारंभ भाजपा कार्यालय जबेरा से किया गया जो श्रीराम चौराहा, नया बाजार होते हुए श्री सिद्धेश्वर नर्मदेश्वर शिव मंदिर पहुंची। जहां राज्यमंत्री श्री लोधी द्वारा भगवान भोलेनाथ का पूजन अर्चन एवं जल अभिषेक कर तिरंगा यात्रा का समापन किया गया। इसके पूर्व हर घर तिरंगा यात्रा में सैकड़ों की संख्या में उपस्थित लोग अपने हाथों में तिरंगा झंडा थामे भारत माता के जयकारे लगाते हुए चल रहे थे जिससे सम्पूर्ण नगर राष्ट भक्ति और देश प्रेम से ओतप्रोत हो गया।

इस दौरान राज्यमंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी ने कहा कि हम सभी अमृतकाल के रूप में आजादी मना रहे हैं और आजादी में जिन्होंने अपना सर्वस्त्र निछावर कर दिया ऐसे महान वीर वीरांगनाओं एवं अमर शहीदों को हम याद करके नमन करने का कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आजादी के 75 वर्ष पूर्ण होने के पश्चात हम विकसित राष्ट्र की श्रेणी में 2047 तक माननीय प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में पहुंचेंगे और आज भव्य तिरंगा यात्रा में शामिल होकर देशभक्ति के अद्भुत दृश्य का साक्षी बना हूं। जिसमें जन-जन के उत्साह, जोश और उमंग ने यह सिद्ध कर दिया कि माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र जी का हर घर तिरंगा अभियान जनआंदोलन बन चुका है। राज्यमंत्री श्री लोधी ने कहा कि तिरंगा सिर्फ एक ध्वज नहीं है यह हमारी एकता, सम्मान और गौरव का अमर प्रतीक है इसकी शान हमेशा ऊँची रखना हम सभी का कर्तव्य है। इस दौरान उन्होंने श्री सिद्धेश्वर नर्मदेश्वर शिव मंदिर परिसर में एक पेड़ मां के नाम के तहत पौधारोपण भी किया। इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि रूपेश सेन, मंडल अध्यक्ष बंटी दुबे, राजेश सिंघई, रविशंकर वाजपेई, रानू नामदेव, नीरज जायसवाल,सहारा ठाकुर, दशरथ साहू, सुरेन्द्र जैन,खड़क सिंह मासाब, हेमराज धुर्वे, सतेन्द्र सिंह,प्रदीप सिंघई, प्राचार्य संजय बाजपेई,उप प्राचार्य अजय सिंघई, मोहन सेन, राजेश जैन, राजेश पाटकर, ईश्वर राय एवं छात्र छात्राओं सहित अनेकों लोग मौजूद रहे।

### हर घर तिरंगा अभियान में निकाली तिरंगा यात्रा



**दमोह।** टाइम्स कालेज दमोह द्वारा हर घर तिरंगा अभियान के तहत भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया जिसमें टाइम्स इंस्टीट्यूषन के सभी छात्र-छात्राऐं एवं स्टाफ ने महाविद्यालय से तिरंगा यात्रा निकाली। राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने 'हम सबने यह ठाना है हर घर तिरंगा फहराना है' एवं हर घर तिरंगा घर घर तिरंगा जैसे नारे लगाये एवं जनसामान्य को जागरूक किया। तिरंगा यात्रा महाविद्यालय परिसर में समाप्त हुई एवं प्राचार्य डॉ. मनजीत कौर साहनी ने सभी छात्र-छात्राओं को देष की आन-बान-षानतिरंगा से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम अधिकारी सहित सभी स्टॉफ की उपस्थिति रही।

## भाजपा मंडल फतेहपुर के नेतृत्व में निकाली गई भव्य तिरंगा यात्रा



**फतेहपुर।** भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्देशन पर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकताओं एवं ग्रामीणों ने मिलकर फतेहपुर अजब धाम में बाइक से तिरंगा यात्रा निकाली गई। जो अजब धाम से शुरू हुई और मगरोंन तक निकाली गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि खरगराम पटेल पूर्व मंडी अध्यक्ष, देवकी नंदन पटेल ने सर्व प्रथम दीप प्रज्ज्वलित कर यात्रा शुभारंभ करवाई जिसमें सैकड़ों की संख्या में लोग सम्मिलित हुए। एवं भारत की एकता एवं अखंडता का परिचय दिया। युवाओं ने गर्म जोशी के साथ यात्रा निकाली और भारत माता की जय के नारे से क्षेत्र गुंजायमान हो उठा। भारत की सैना के सम्मान में लोग घरों से निकल कर यात्रा में शामिल हुए। तिरंगा यात्रा में संगठन कार्यकारणी के सदस्य, फतेहपुर मंडल के सदस्य, पार्टी कार्यकर्ता, ग्राम पंचायतों के सरपंच, जनपद सदस्य सहित ग्रामीण शामिल हुए।

## मड़ियादो में निकाली तिरंगा यात्रा



**दमोह।** जिले की उप तहसील मुख्यालय मड़यिादो में सोमवार को तिरंगा यात्रा निकाली गई, गाजे बाजे के साथ यह तिरंगा यात्रा बस स्टैंड से प्रारंभ होकर मुख्य मार्गो से होकर वापिस बस स्टैंड पँहुची। तिरंगा यात्रा में हाईस्कूल मड़यिादो के सैकड़ों छात्र-छात्राओं के साथ जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों और क्षेत्रवासियों ने भाग लिया और हाथों में तिरंगा थामकर देशभक्ति का संदेश दिया। तिरंगा यात्रा में स्कूल प्राचार्य, शिक्षकों, मड़यिादो पुलिस स्टाफ के अलावा कमलेश चौदह, अभिषेक जैन, विष्णु सोनी, कैलाश बसन्त अग्रवाल, प्रदीप गुप्ता, देवेंद्र तिवारी, मनोज मिश्रा, मिथुन अहिरवार, रामकरण अहिरवार, हेतराम पटेल, गुड्डा राजा आदि गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

## तिरंगा के साथ बग्गी में निकाली भारत माता की झांकी



**तेंदूखेड़ा।** नगर के तारादेही चैगडडा से दोहपर में राज्य मंत्री धमेन्द्र सिह लोधी के नेतृत्व भाजपा के कार्यकर्ता, पदाधिकारी व नगरवासियों के साथ हर घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत तिरंगा यात्रा निकाली गई है। जिसमे बग्गी में भारत माता की झांकी सजाई गई साथ ही डीजे में देश भक्ति के गीतो साथ भव्य यात्रा निकाली गई जो तारादेही चैगडडा से होकर एक्सीलेंस स्कूल पहुंची। इस दौरान मंत्री श्री लोधी ने कहा कि अमृतकॉल के रूप में आजादी मना रहे हैं और आजादी में जिन्होंने अपना सर्वस्त्र निछावर कर दिया ऐसे महान वीर वीरांगनाओं एवं शहीदों को हम याद करके नमन करने का कार्य कर रहे हैं। आजादी के 75 वर्ष पूर्ण होने के पश्चात हम विकसित राष्ट्र की श्रेणी में 2047 तक माननीय प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में पहुंचेंगे। भव्य तिरंगा यात्रा में शामिल होकर देशभक्ति के अद्भुत दृश्य का साक्षी बना हू। जन-जन के उत्साह, जोश और उमंग ने यह सिद्ध कर दिया कि माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र जी का हर घर तिरंगा अभियान जन आंदोलन बन चुका है। तिरंगा सिर्फ एक ध्वज नहीं, यह हमारी एकता, सम्मान और गर्व का अमर प्रतीक है। इसकी शान हमेशा ऊँची रखना हम सभी का कर्तव्य है। यात्रा में नगर परिषद अध्यक्ष सुरेश जैन, मूरत सिंह ठाकुर लक्ष्मी नामदवे, मंडल अध्यक्ष संतकुमार पाल, पंडित रमेश तिवारी,राजकुमार ठाकुर, रश्मि साहू, नीतू साहू सरपंच सैलावाड़ा, गोविन्द यादव, शुभम जैन, अनीता सिंह, सत्यम जैन, हर्ष राजपूत, सोमनाथ सोनी, अखलेश साहू, देवराज सिंह लोधी, विवेक जैन, भागचंद जैन, सुरेशपाल, गजराज यादव एवं सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## श्री हनुमत विद्यापीठ में हुआ सुन्दरकाण्ड पाठ

**दमोह।** हनुमत विद्यापीठ पंचमुखी हनुमान मंदिर सिविल वार्ड नं.2 में सुन्दरकाण्ड पाठ का आयोजन किया गया। जिसमे कार्यक्रम के मुख्य अतिथि निशांत मलैया, अध्यक्षा देवेंद्र पांडे ने की,विशिष्ट अतिथि श्रीराम तिवारी रहे व पुजारी हेमंत पाठक, रामेश्वर गोस्वामी, नरेंद्र तिवारी, मुकेश पाठक, अनिकेत शर्मा, राधे महराज, विकाश पांडे, अजय गर्ग, गोलू चौरसिया, कमलेश चौरसिया, गीतेश अठया, सुन्दरकाण्ड करता सुमित दुबे, ओम पटेल, आदि कि उपस्थिति रही व आभार पीयूष असाटी ने व्यक्त किया।

## भाजपा ने त्रिमूर्ति उद्यान में चलाया स्वच्छता अभियान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पटेरा

भारतीय जनता पार्टी दमोह त्रिमूर्ति उद्यान में जिला अध्यक्ष श्याम शिवहरे के नेतृत्व में स्वच्छता अभियान के अंतर्गत सफाई की एवं महापुरुषों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण किया। जिला अध्यक्ष श्याम शिवहरे ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी द्वारा स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है इसी के अंतर्गत आज त्रिमूर्ति उद्यान में स्वच्छता अभियान अंतर्गत सफाई की गई। 15 अगस्त को भारत स्वतंत्र हुआ था भारत के स्वतंत्रता में हमारे देश के करोड़ लोगों ने स्वतंत्रता की लड़ाई लड़ी हम सभी उन सभी विभूतियों को याद कर उन्हें नमन करते हैं। स्वच्छता अभियान प्रभारी जिला महामंत्री रामेश्वर चौधरी ने कहा कि स्वच्छता अभियान अंतर्गत त्रिमूर्ति पार्क में महापुरुषों की प्रतिमाओं की सफाई की एवं परिसर में सफाई की तत्पश्चात वहां पुरुषों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण किया गया स्वच्छता स्वतंत्रता दिवस पखवाड़े अंतर्गत ऐसे ही विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन भारतीय जनता पार्टी द्वारा किया जा रहा है। कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष अमित बजाज, जिला मंत्री अरविंद उपाध्याय, संजय यादव, जिला मीडिया प्रभारी राघवेंद्र सिंह परिहार, किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष हरिश्चंद्र पटेल, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष शिखा जैन, अनुसूचित जाति मोर्चा अध्यक्ष गणेश जाटव, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष प्रिंस जैन, आईटी सेल जिला संयोजक रिंकू गोस्वामी, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि गौरव पटेल, मंडल अध्यक्ष राजेंद्र चौरसिया, रमाकांत बाजपेई, पूर्व मंडल अध्यक्ष पवन तिवारी कृष्णा राज अरुण सोनी सुनील यादव विशाल शिवहरे भारत यादव, प्रमोद विश्वकर्मा आशीष राय, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष राकेश लोधी रितु पांडे,महिला मोर्चा महामंत्री सुमन पटेल पार्षद संगीता जैन दुर्गेश मिश्रा राधा सोनी रेनू रजक राजुल चौराहा, हर्ष पटेल, विधान पाराशर, सुनील राज, शिवेंद्र तिवारी,सृजन असाटी रितेश सोनी सहित ज्येष्ठ श्रेष्ठ कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

## शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण जैसे मुद्दों पर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेडा



ग्राम इमलीडोल में अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर ग्रामीण विकास समिति के तत्वावधान में युवाओं की विशेष बैठक आयोजित की गई। इस वर्ष की थीम को ध्यान में रखते हुए युवाओं ने सतत विकास लक्ष्यों को गांव की धरती पर उतारने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में युवा, पंचायत प्रतिनिधि और ग्रामीण विकास समिति के सदस्य मौजूद रहे। शुरुआत में वक्ताओं ने युवाओं को शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण, लैंगिक समानता और जलवायु कार्रवाई जैसे मुद्दों पर सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया। बैठक में युवाओं ने अपने किए गए प्रयास जैसे स्वच्छता अभियान, वृक्षारोपण, डिजिटल साक्षरता शिविर और सामुदायिक बगीचे साझा किए गए। चर्चा में पानी की समस्या, महिलाओं की शिक्षा और रोजगार के अवसर बढ़ाने पर ठोस योजनाओ पर चर्चा हुई ।ग्रामीण विकास समिति यूएनडीपी, एसजीपी प्रोग्राम की जानकारी दी गई और परिवर्तन की असली ताकत गांव के युवाओं में है। जब युवा संगठित होकर आगे आते हैं, तो विकास के लक्ष्य जल्दी पूरे होते हैं। कार्यक्रम के समापन मे युवाओं के सामूहिक संकल्प के साथ हुआ कि वे आने वाले महीनों में गांव के विकास और लक्ष्यों को पूरा करने के लिए मिलकर ठोस कदम उठाएंगे। इस दौरान वीरेंद्र गौंड, शिवानी, माया, नंदनी, प्रियंका, छात्रपाल सिंह, सहोद्रा ठाकुर रामरानी, तुलसा बाइर्, पूजा बाई सहित अनेक युवा मौजूद रहे।

## गांवों में डीडीटी पाउडर का छिड़काव नहीं होने से बढ़ रहे मच्छर

**गैसाबाद।** पहले सरकार द्वारा गांव गांव में स्प्रे मशीनों द्वारा डीडीटी मच्छर मार पाउडर का छिड़काव कराया जाता था जिस से गांव की गलियो में बहते हुए गंदे पानी में एवं लोगों के घरों में शासकीय कर्मचारियों द्वारा अपने कंधे पर स्प्रे मशीन टांग कर पाउडर का छिड़काव कर मच्छरों से बचाव के उपाय किए जाते थे लेकिन अब बहुत बरसों से गांव देहातों में डीडीटी मच्छर मार पाउडर का छिड़काव नहीं किया जाता है जिससे मच्छरों की तादात बढ़ने लगी है। ग्राम के अमित गुप्ता बताते हैं कि पहले गांव में मच्छर मार पाउडर का छिड़काव किया जाता था। जिससे बरसात के मौसम में मच्छर पनप नहीं पाते थे लेकिन जब से मच्छर मार पाउडर का छिड़काव करना बंद हो गया है तभी से मच्छर बढ़ने लगे हैं। मच्छर के काटने से बीमारियां फैल रही है, ग्रामीण जनों ने गांव में मच्छर मार डीडीटी पाउडर के छिड़काव किया जाने की मांग की है।

# बड़े बाबा मंदिरजी में णमोकार महामंत्र का किया पाठ

### आरती कर लिया रक्षा का संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पटेरा





भारतीय जैन मिलन के आव्हान पर क्षेत्र क्रमांक दस के पभारी एडवोकेट कमलेंद्र जैन जी के विशेष निर्देश पर श्री बड़े बाबा जैन मिलन शाखा पटेरा कुंडलपुर ने 6मंदिरों में णमोकार महामंत्र का पाठ किया एवं आरती कर तीर्थ क्षेत्रों, धर्म स्थलों, साधु साध्वी की रक्षा का संकल्प लिया। शाखा अध्यक्ष नरेन्द्र बजाज ने बताया कि संयोजकों के संयोजन में सभी सदस्यों की उपस्थिति में सभी कार्यक्रम आयोजित किए गए। समाज के प्रमुखजनों ने भी सहभागिता निभाई। कुंडलपुर जी के बड़े बाबा मंदिर जी में पं अनिल शास्त्री संयोजक ने अपने मिलन शाखा के सदस्यों के साथ देश भर से आए हुए धर्मावलंबियों से णमोकार महामंत्र का पाठ कर आरती कराई। उन्होंने रक्षा बंधन पर्व पर विशेष रूप से रक्षा करने के संकल्प की महत्ता को समझाते हुए मिलन की सराहना की व सभी को संकल्प दिलाया। देश भर से आए हुए धर्मावलंबियों ने भी सहभागिता निभाई व ऐंसे कार्यक्रम की सराहना की। इस अवसर पर मिलन शाखा पटेरा से मंत्री महेश जैन शिक्षक, राकेश जैन सहित अन्य सदस्यों की उपस्थिति रही।

### नगर के जैन मंदिरों में कार्यक्रम आयोजित किए गए





बड़े जैन मंदिर जी में वीर जितेंद्र बड़कुल के संयोजन में सभी कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिसमें अध्यक्ष अशोक बड़कुल,वीर स्वतंत्र जैन,वीर प्रमोद बड़कुल, पंकज जैन सहित अन्य सदस्यों की उपस्थिति रही। श्री सेठ मंदिर जी में राजेंद्र सेठ राही के संयोजन में सभी कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अवसर पर महिलाओं सहित ऋषभ सेठ, निर्मल सेठ शिक्षक, राजेश सेठ व अन्य सदस्यों की उपस्थिति रही। सिंघई मंदिर जी में वीर राजेंद्र बजाज के संयोजन में सभी कार्यक्रम आयोजित किए गए।इस अवसर पर नमन जैन,कविन जैन वीर ज्ञानचंद जैन चिंटू सिघई सहित महिलाएं वालिकाओ की उपस्थिति रही। श्री तारण तरण चैतयालय जी में वीर अमित जैनं के संयोजन में सभी कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसमें महिलाओं सहित वीर देवेंद्र जैन शिक्षक, राजेश जैन शिक्षक सहित अन्य सदस्यों की उपस्थिति रही।

## किसान मित्र दीदी संघ ने सौंपा ज्ञापन



**झलौन।** किसान मित्र दीदियों की बड़ी बैठक संपन्न हुई। बैठक में किसान मित्र दीदियों द्वारा यह निर्णय लिए गए अगर सरकार हमारी मांग नहीं मानती तो 15 दिवस के अंदर उग्र आंदोलन भोपाल में करने की तैयारी कर रहे है। राज्यमंत्री लखन पटेल के कार्यालय में ज्ञापन दिया गया। इस अवसर उनके भाई अशोक पटेल उपस्थित रहे। उन्होंने किसान मित्रों की मांग को शीघ्र मंत्री जी तक पहुंचाने का आश्वासन दिया गया। इसके उपरांत कलेक्टर सुधीर कुमार को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दिया गया। ज्ञापन में अपनी मांगों को अवगत कराया कलेक्टर महोदय ने कहा कि आप लोगों की मांग काफी समय से चल रही है। शीघ्र आपकी बात मुख्यमंत्री जी तक पहुंचाने आश्वासन कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ले उपस्थित किसान मित्र दीदी को दिया। जिला अध्यक्ष किसान में दीदी मजदूर संघ दमोह,प्रताप पटेल, प्रदेश संगठन मंत्री प्रहलाद यादव, जिला संगठन पदाधिकारी लक्ष्मीनारायण ,भारत सिंह लोधी, कृष्ण गोपाल दुबे, हीरा पटेल ब्लॉक अध्यक्ष दमोह उमेश पटेल ब्लॉक अध्यक्ष हटा संतोष लोधी,ब्लॉक अध्यक्ष पटेरा भगवत सिंह लोधी ब्लॉक अध्यक्ष जबेरा संतोष विश्वकर्मा, ओंकार पटेल, हेमराज अहिवाल सुंदर पटेल अमर पटेल पटेरा ब्लॉक से किसान दीदी सुषमा सिह ,कविता अहिरवार,सीता रानी कुर्मी,सुशीला रानी,अधिक संख्या में किसान मित्र दीदी उपस्थित रहे।

# छात्र-छात्राओं ने एकत्रित होकर जोश, उमंग के साथ बनाई मानव श्रृंखला

## बच्चों में भी देशभक्ति की भावना जागे यह नवाचार बहुत ही सराहनीय-भाजपा जिलाध्यक्ष श्री शिवहरे





हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

नगर के विभिन्न 12 स्कूलों के लगभग 4500 छात्र-छात्राओं ने आज अपनी-अपनी शालाओं के पास एकत्रित होकर जोश, उमंग, जुनून के साथ, तिरंगा झंडा हाथ में गर्म जोशी के साथ नारे लगाते हुए एक मानव श्रृंखला बनाई है। जिला पंचायत अध्यक्ष रंजीता गौरव पटैल, भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे, गोपाल पटैल, नगर पालिका के ब्रांड एम्बेसडर हरीश पटैल, कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर, जिला पंचायत सीईओ प्रवीण फुलपगारे, जिला शिक्षा अधिकारी श्री नेमा सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने मानव श्रृंखला के जज्बे को देखा और देश के प्रति इस श्रद्धा को देखकर उनकी प्रशंसा की। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष रंजीता/ गौरव पटेल ने सभी को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं देते हुये कहा आज बहुत ही हर्ष का विषय है। विजयी विश्व तिरंगा प्यारा, झंडा ऊंचा रहे हमारा। आज सभी स्कूलों के बच्चों और सभी जनप्रतिनिधियों ने और जिले के कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर, जिला पंचायत सीईओ प्रवीण फुलपगारे और समस्त शिक्षा विभाग के अधिकारी-कर्मचारीगण ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। साथ ही बच्चे और शिक्षक भी बहुत उत्साहित रहे और यह एक नवाचार था, एक ऐसी पहल थी जो बच्चे देशभक्ति को भूलते जा रहे हैं, उन बच्चों में भी देशभक्ति की भावना जागे यह नवाचार बहुत ही सराहनीय है।

भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे ने कहा जिला प्रशासन, शिक्षा विभाग के छात्र-छात्राओं, स्कूलों, समाजसेवियों के द्वारा सामूहिक रूप से तिरंगा यात्रा निकाली गई, इसमें बढ़ चढ़कर बच्चों ने हिस्सा लिया और भारत माता की जय के जयकारे के साथ यह भारत विश्व गुरु बने ऐसी सबने आशा व्यक्त की। सबने सामूहिक रूप से पैदल चलकर एक-दूसरे का उत्साह बढ़ाया। मैं इस कार्यक्रम के लिए कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर और शिक्षा विभाग के अधिकारियों को बहुत-बहुत बधाई देता हूँ। उन्होंने इतना सुंदर कार्यक्रम आयोजित किया और यह नवाचार किया जो हमेशा प्रशंसनीय रहेगा।

कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने कहा नगर के 12 स्कूलों के लगभग 4500 छात्र-छात्राओं ने आज एकत्रित होकर एक मानव श्रृंखला बनाई है। बहुत जोश, उमंग, जुनून के साथ, तिरंगा झंडा हाथ में लिए खूब गर्म जोशी के साथ नारे लगाते हुए बच्चों ने इसमें शिरकत की है। कलेक्टर श्री कोचर ने कहा एक बहुत अच्छा आयोजन किया गया और इस आयोजन से पूरे शहर में, पूरे जिले में तिरंगे को लेकर एक नई लहर पैदा हुई है। आगे आने वाले दिनों में लगातार इसी प्रकार के कार्यक्रम हैं। उन्होंने बताया 13 अगस्त को प्रातः 10 बजे से तिरंगा यात्रा शुरू होगी, जिसमें सभी सम्मानित जनप्रतिनिधि शामिल होंगे और इसके साथ 14 अगस्त को सुबह 10:30 बजे से एक बहुत बड़ा तिरंगा मार्च निकाला जायेगा, जिसमें साइकिल रैली आयोजित की जायेगी और मैराथन दौड़ होगी। एक बहुत बड़ा कार्यक्रम जो कि प्रभारी मंत्री जी के मुख्य आतिथ्य में होगा। उन्होंने सभी से आग्रह किया है इन सभी आयोजनों में बढ़-चढ़कर के सभी नागरिक हिस्सा लें और इस तिरंगा उत्सव को सफल बनाएं।

## पीपल के पेड़ की सूखी डाल पुजारी के ऊपर गिरी,घायल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार

दमोह जिले के बांदकपुर झंडा बाजार स्थित श्री जागेश्वर नाथ धाम मंदिर के पुजारी गणेश उर्फ गुलू दुबे गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें दमोह जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

मृतप्राय पेड़ की सूखी डाल उनके सिर पर गिरने से वे बुरी तरह घायल हो गए। बांदकपुर में कई पुराने मृतप्राय इमली बरगद और पीपल के पेड़ हैं जो समय समय पर गिरते रहते हैं। ग्राम पंचायत और अन्य जिम्मेदार संस्थाएं इन पेड़ों की देखभाल नहीं कर रही हैं। दो तीन वर्ष पूर्व भी इसी तरह की घटना हुई थी बांदकपुर निवासी गुप्ता परिवार के पिता पुत्र इसी दौरान सुखी पेड़ की डाली गिरने से पिता की मौत हो गई थी। दूसरी घटना में टिकरी पिपरिया की एक महिला भी पेड़ की सूखी डाली गिरने से मौत हो गई थी। इस तरह से सूखे पेड़ों की डाली गिरने से दो लोगों की जान गई थी लेकिन इसके बाद भी कोई कार्रवाई नहीं की गई।

मंदिर बाजार चौक पुरानी जगह पर आज नहीं तो कल गिरने की कगार पर खड़े पेड़ों की सूखी डालियों की कटाई छटाई नहीं की गई। ऐसी घटनाएं आगे भी हो सकती हैं अगर ग्राम पंचायत और जिम्मेदार संस्थाएं इन पेड़ों की देखभाल नहीं करती हैं तो बांदकपुर के लोगों को सुरक्षित रखने के लिए इन पेड़ों की नियमित जांच और रखरखाव किया जाना आवश्यक है ताकि पेड़ों के नीचे से गुजरने वाले राहगीरों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके बांदकपुर के लोगों को सुरक्षित रखने के लिए जिम्मेदार संस्थाओं को तत्काल कार्रवाई करनी चाहिए और मृतप्राय पेड़ों को हटाने की व्यवस्था करनी चाहिए।

## एनीमिया मुक्त भारत बनाना लक्ष्य



**दमोह।** शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय पटेरा में एनीमिया मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत कलेक्टर महोदय के निर्देशानुसार विद्यालय में उपस्थित बच्चों को आयरन की गोली डॉ आर आर बागरी मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पटेरा एवं डॉ बसंत लोड़कर चिकित्सक (RBSK) की उपस्थिति में आयरन की गोली खिलाई गई एवं बच्चों को एनीमिया के लक्षण उससे बचाव के तरीके बताये गए। उक्त कार्यक्रम में माननीय मनीष अग्रवाल नायाब तहसीलदार पटेरा, अनिल कटारिया बीपीएम शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय प्रिंसिपल महोदय एवं समस्त शिक्षक गण उपस्थित रहे।

## राज्यमंत्री ने दिया आश्वासन

**दमोह।** विगत दिवस पूर्व मंत्री जयंत मलैया के गृह निवास पर प्रदेश के धर्मेन्द्र सिंह लोधी सांस्कृतिक एवं पर्यावास राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार म.प्र.शासन का ध्यान लिपिक संवर्ग की विगत 38 वर्षों से चली आ रही विसंगति के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई साथ ही इस संबंध में प्रदेश के मुख्यमंत्री से प्रतिनिधि मडल की मुलाकात कराने का कहाँ गया जिस पर मंत्री द्वारा पूर्ण आश्वासन दिया गया कि आपके प्रतिनिधि मंडल को शीघ्र ही मुख्यमंत्री म.प्र.शासन से मिलाया जाकर उनको अवगत कराया जावेगा। मंत्री जी के द्वारा की गई इस पहल के लिये प्रान्तीय संरक्षक एम.पी. द्विवेदी, राकेश सिंह हजारी, प्रान्ताध्यक्ष मुकेश चतुर्वेदी, राजीव बड़कुल जिला अध्यक्ष, नीरज सोनी, सगीर खॉन, इरफान खॉन, भूप सिंह ठाकुर, के साथ साथ प्रदेश के सभी लिपिक साथीयों द्वारा धर्मेन्द्र सिंह मंत्री म.प्र. शासन सांस्कृति एवं पर्यावास राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार का आभार व्यक्त किया गया।

## पंचायतें देश की विकास यात्रा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं, इन्हें सशक्त बनाने की आवश्यकता: जिपं अध्यक्ष



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

जिला पंचायत के सभाकक्ष में पंचायत उन्नति सूचकांक (PIA 2.0) पोर्टल के संबंध में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर जिले की दस प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्तर की पंचायतों को पुरूस्कृत करते हुये प्रमाण पत्र वितरित किये गये। जिला पंचायत अध्यक्ष रंजीता/ गौरव पटेल ने कहा पंचायत उन्नति सूचकांक (PIA 2.0) पोर्टल के आज के कार्यक्रम में सभी सरपंच, अधिकारीगण, कर्मचारी उपस्थित हैं और मुझे बहुत खुशी हो रही है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भारत को एक विकसित देश बनाने के लिए संकल्पित है। त्रिस्तरीय पंचायती राज की अंतिम पंक्ति पंचायत होती है, उसे सशक्त और समृद्ध बनाने के लिए हम सभी दृढ़ संकल्पित हैं और भारत को एक विकसित राज्य की ओर ले जाएंगे। निर्वाचन की सबसे न्यूनतम इकाई होती पंचायत है, इन्हें आज पुरस्कृत किया गया है तो कहीं न कहीं एक मोटिवेशनल कार्यक्रम भी है, क्योंकि कई पंचायतें इससे मोटिवेट भी होंगी कि हमें भी बहुत अच्छे काम करने हैं, जिससे हम भी सम्मानित हों और मैं प्रधानमंत्री श्री मोदी जी और मुख्यमंत्री डॉ. यादव जी का बहुत-बहुत हृदय से आभार और धन्यवाद ज्ञापित करती हूं। प्रधानमंत्री श्री मोदी जी ने कहा भी है कि पंचायतों को हमें सशक्त बनाना है और यदि भारत का विकास चाहिए तो सबसे पहले पंचायत विकसित हो, तभी भारत का विकास हो सकता है।

## दो प्रकरणों में पांच हजार रूपये का ईनाम घोषित

**दमोह ।** पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी ने दमोह जिले के 02 प्रकरणों में 05 हजार रूपये का इनाम घोषित किया है। पुलिस अधीक्षक श्री सोमवंशी ने प्रकरणों की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुये जिले के थाना जबेरा के अपराध क्रमांक 171/25 धारा 64,64(2), बीएनएस 3,4 पाक्सो एक्ट के तहत आरोपी हरिओम लोधी पिता भारत सींग लोधी निवासी हरदुआ सुम्मेर सिंह थाना जबेरा पर 03 हजार रूपये तथा थाना तेजगढ़ के अपराध क्रमांक 119/25 धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत आरोपी अंगद पिता विश्राम लोधी निवासी चौरई थाना दमोह देहात दमोह पर 2000 रूपये का इनाम घोषित किया है।

## 15 अगस्त को शुष्क दिवस घोषित

**दमोह।** राज्य शासन द्वारा 15 अगस्त (स्वतंत्रता दिवस) को शुष्क दिवस घोषित किया है, इस संबंध में कलेक्टर सुधीर कोचर ने कहा जिले की समस्त मदिरा के फुटकर विक्रय केंद्रो, एफ.एल. 2, एफ.एल.3 बार होटल/वाइन शॉप तथा देशी मदिरा मद्यभाण्डारागार दमोह एवं हटा 15 अगस्त को सम्पूर्ण दिवस के लिए ₹शुष्क दिवस₹ घोषित होने से बंद रखे जायेंगे तथा मदिरा का क्रय-विक्रय एवं परिवहन पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। उक्त आदेश का कड़ाई से पालन कराना सुनिश्चित किया जाये।

## विद्यार्थियों को आयरन टेबलेट वितरित

**दमोह।** शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तेंदूखेड़ा एवं शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तेंदूखेड़ा में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तेंदूखेड़ा से डॉ अशोक बड़ोनिया के मार्गदर्शन में स्कूलों का भ्रमण किया जा रहा हैं। इसी क्रम में डॉ राजेश अहिरवार, डॉक्टर दीप्ति नामदेव, डॉक्टर अंजुम नामदेव, BEE इंद्र कुमार विश्वकर्मा और राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम से परामर्शदाता यादराम अहिरवाल द्वारा स्कूलों का भ्रमण किया गया। इस दौरान सभी विद्यार्थियों को एनीमिया के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही आयरन की टेबलेट से होने वाले फायदाओं के बारे में बताया गया और सभी छात्र-छात्राओं को सप्ताह में एक बार आयरन खाने को कहा गया। स्कूल प्राचार्य की मौजूदगी में आयरन की टेबलेट खिलाई गई। एनीमिया कारण एवं निवारण तथा उमंग क्लिनिक सीएचसी तेंदूखेड़ा में स्थान और मिलने की समय की जानकारी दी गई।

## 6 प्रकरण में 128 पाव अवैध मदिरा जब्त

**दमोह।** आबकारी विभाग द्वारा 05 अगस्त को अवैध मदिरा विक्रय, संग्रहण, परिवहन और उपभोग के विरुद्ध कार्यवाही के क्रम में थाना कुम्हारी के ग्राम धनगुंआ में स्थित दुकान से आरोपी भीम लोधी के कब्जे से 17 पाव एवं पटेरा के देवडोंगरा में अज्ञात आरोपी के कब्जे से 25 पाव मदिरा एवं थाना पथरिया के ग्राम सेमरा में हरगोविंद पटेल से 22 पाव देशी मदिरा ,रजवांस रोड में राघवेन्द्र सिंह से 15 पाव देशी मदिरा ,ग्राम सतपारा में मुकेश राय से 26 पाव देशी मदिरा एवं आरती अहिरवार से 23 पाव मसाला देशी मदिरा बरामद की गई। नियमानुसार कार्यवाही करते हुए 06 प्रकरण आबकारी एक्ट के तहत पंजीबद्ध किए गए।

## विधि के समक्ष सभी समान: जितेन्द्र नारायण सिंह

**दमोह।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के आदेशानुसार प्रधान जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष श्री पी.सी.गुप्ता के मार्गदर्शन में केंद्रीय विद्यालय दमोह में बच्चों को मैत्रीपूर्ण विधिक सेवायें योजना विषय पर विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में चतुर्थ जिला न्यायाधीश जितेन्द्र नारायण सिंह, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दमोह सचिव ज्ञानेन्द्र कुमार शुक्ला एवं जिला विधिक सहायता अधिकारी रजनीश चौरसिया सम्मिलित हुए।

चतुर्थ जिला न्यायाधीश जितेन्द्र नारायण सिंह ने उपस्थित छात्रों को संविधान में उल्लेखित मूल अधिकार एवं मूल कर्तव्य विषय पर विस्तृत जानकारी देते हुये विधि के समक्ष समता एवं विधि के समान संरक्षण के संबंध में कहा कि सभी नागरिक विधि के समक्ष समान होते है और उन्हें विधि का समान संरक्षण प्राप्त होता है। आपने पॉक्सो अधिनियम के विषय पर कहा कि इस अधिनियम के अंतर्गत बच्चों के साथ होने वाले लैंगिक अपराधों के संबंध में कठोर दण्ड का प्रावधान किया गया है। ऐसे अपराधों को छुपायें नहीं बल्कि अपने माता-पिता एवं शिक्षक के संज्ञान में लाना चाहिए ताकि अपराधी को दण्ड दिलाया जा सके। इसके अतिरिक्त मोटरयान अधिनियम के दण्डात्मक प्रावधानों का विभिन्न उदाहरणों के माध्यम से छात्र-छात्राओं को उल्लंघन से बचने की नसीहत दी। कार्यक्रम का संचालन डॉ. रश्मि जेता एवं आभार प्राचार्य धर्मेन्द्र सिंह द्वारा व्यक्त किया गया।

## खेत में काम करते समय किसान को लगा करंट, मौत

**तेंदूखेड़ा।** सोमवार को तेन्दूखेड़ा थाना के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत बैलढाना में एक किसान को खेत में काम करते समय करंट लगने से मौत हो जाने का घटनाक्रम सामने आया है। घटना की सूचना मिलते ही तेन्दूखेड़ा पुलिस मौके पर पहुंची जहां किसान का पेर डोरी से फंसा हुआ है जानकारी के अनुसार मंगल सिंह पिता रामचरण केवट उम्र 53 वर्ष निवासी बैलढाना थाना तेन्दूखेड़ा है जो सोमवार को दोपहर में घर से खाना खाकर खेत गया था लेकिन वहां पर बिजली की डोरी की चपेट में आ गया। करंट लगने से मौके पर ही मौत हो गई जब अन्य किसान अपने खेत जा रहे थे तो मंगल सिंह केवट का शव खेत की मेढ़ पर पड़ा होने हड़कंप मच गया। घटना की सूचना परिजनों को दी गई जहां किसान के परिवार के लोग खाद लेने के लिए मंडी आए हुए थे तो घटना की समय पर नहीं लगी। साथ ही पुलिस की ड्यूटी भी खाद वितरण में लगी होने के चलते पुलिस सूचना देर से मिलने के कारण पुलिस भी शाम को घटनास्थल पर पहुंची और शव का पंचनामा कार्रवाई करते हुए स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां पर मंगलवार की सुबह 11 बजे शव का परिजनों की मौजूदगी में पोस्टमार्टम कराया गया। शव परिजनों के सुपुर्द कर आगे की जांच की जा रही है।

## खाद वितरण व्यवस्था से किसान नाखुश



**जबेरा।** जबेरा मंडी में वितरण हो रहे खाद के लिए हजारों की संख्या में क्षेत्र के किसान परेशान हो रहे हैं। जिन्हें संभालने के लिए जिला विपणन अधिकारी इंद्रपाल सिंह राजपूत, सहायक आयुक्त सौरभ टेकिया, एसडीएम सौरभ गंधर्व, तहसीलदार सोनम पांडेय, थाना प्रभारी विकास सिंह चौहान, नायब तहसीलदार अटल बिहारी वर्मा, नायब तहसीलदार राजेश साहू सहित जिला प्रशासन को भारी मशक्कत का सामना करना पड़ रहा है। वही खाद वितरण व्यवस्था से नाखुश किसानों ने विभिन्न मांगों को लेकर एसडीएम सौरव गंधर्व को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में किसानों ने मांग करते हुए कहा है कि हम जबेरा क्षेत्र के किसान सेवा सहकारी समिति जबेरा में हो रहे खाद वितरण से अत्यंत परेशान है क्योंकि ऑनलाइन मशीनों से सत्यापन की व्यवस्था में अधिक समय लगने के कारण किसान परेशान हो रहे हैं अतः ऑफलाइन आधार कार्ड नंबर नोट करके नगद बिक्री की जावे ताकि भीड़ कम हो सके। साथ ही डीएपी जैसी आवश्यक खाद न मिलने की वजह से किसानों को भारी नुकसान हो रहा है। इसी तरह यूरिया खाद एक बही पर दो बोरी निर्धारित है चाहे बही कितने ही एकड़ की क्यों ना हो यह व्यवस्था बंद करवा कर प्रति एकड़ पर एक बोरी खाद की व्यवस्था की जाए। ज्ञापन में मांग करते हुए कहा है कि भीड़ कम करने के लिए कमरे से बाहर अधिक काउंटर लगाए जाएं ताकि खाद वितरण व्यवस्था आसान और पारदर्शी हो एवं विगत दिनों भीड़ की वजह से एक बुजुर्ग महिला की लाइन में लगे लगे बेहोश हो गई थी यह स्थिति निर्मित ना हो ऐसी व्यवस्था कराए जाने की मांग की गई है। ज्ञापन सौंपने वालों में मुख्य रूप से अखिलेश सोनी, बसंत राय, किशोर नामदेव, कल्लू राय,शिवम राय, धनसींग,राजू सिंह, जुगराज सिंह, राजेश पटेल, राघवेन्द्र सिंह, रामेश्वर सहित अनेकों किसान मौजूद रहे।

## रक्षाबंधन पर हुआ परंपरानुसार तीन दिवसीय आयोजन





हरिभूमि न्यूज ▶▶ पटेरा

नगर में रक्षा बंधन पर्व पर वर्षो से तीन दिवसीय आयोजन की परंपरा चल रही है। इस वर्ष नगर व आस पास के ग्रामीण जनो ने भी सहभागिता निभाई। प्रथम दिवस भाई बहिन के प्यार का पर्व रक्षा बंधन पर बहिनों ने भाई की कलाई से राखी बांधकर उनसे रक्षा का वचन लिया एवं उन्हे दीर्घायु का आशीष दिया। दूसरे दिवस कजलियां पर्व भी धूमधाम से मनाया गया। बेंड बाजों से जुलूस के साथ कजलियां ले जाई गई जिन्हे तालाब में विसर्जित किया गया। पूरे रास्ते जय दुर्गे अखाड़ा के खिलाड़ी प्रदर्शन करते रहे। तीसरे दिवस नगर की ऐतिहासिक महत्व की पहाड़ी पर सत कन्या स्थल पर मेले का आयोजन किया गया जिसमें नगर के साथ आस पास के ग्रामीण जनों ने भी पहाडी मेले का आनंद लिया। संकट मोचन मंदिर बस स्टेण्ड के समीप जय दुर्गे अखाड़ा के खिलाडियों ने अपने अजूबे करतब प्रस्तुत किये। अखाड़ा का विधिवत शुभारंभ अध्यक्ष देवेन्द्र ताम्रकार, संचालन मोहन ताम्रकार, वरिष्ठ समाजसेवी राजेन्द्र ताम्रकार ने किया। इस अवसर पर शंकर गौतम अध्यक्ष सरपंच संघ, रीतेश ताम्रकार, कोमल यादव पंडा, गोविन्द सिंह, राजपूत, लक्ष्मण सिंह सहित नगर के अनेक प्रमुखजन उपस्थित रहे। खिलाड़ियों ने उमेश ताम्रकार की अगुवाई में मुगदर, बनेती, लाठी सहित तलवार, चक्र का प्रदर्शन किया गया जो सराहा गया। खिलाड़ियों को पुरूस्कृत कर सम्मानित किया गया।

## शासन के आदेशों का अधिकारी बता रहें ठेंगा : राकेश सिंह हजारी

**दमोह।** म.प्र. शासकीय लिपिकीय कर्मचारी संघ के पूर्व प्रान्ताध्यक्ष एवं संरक्षक राकेश सिंह हजारी द्वारा आरोप लगाया है कि पूर्व में म.प्र. सामान्य प्रशासन विभाग एवं कलेक्टर दमोह द्वारा समय समय पर निर्देशित किया जाता रहा है, कि किसी भी संवर्ग का कर्मचारी संलग्नीकरण ना किया जावें, जहाँ जिस सवर्ग के कर्मचारीयों की पदस्थापना है, उन्हें अपनी शासकीय सेवायें देना अनिवार्य है, किन्तु जिले के अधिकारी उक्त निर्देशों का पालन सुनिश्चित नहीं करने के आदी हो चुके है, अपने स्वार्थ एवं राजनीति के कारण उन्हें संलग्न किया गया है, जैसे- वन विभाग अन्तर्गत वनरक्षक, शिक्षा विभाग अन्तर्गत प्राचार्य, शिक्षकों आदि स्वास्थ्य विभाग अन्तर्गत एम.पी.डब्ल्यू.आर. सी.एम.के कर्मचारियों से, महाविद्यालयों में जिला आयुर्वेदिक चिकित्सालय में, प्शुचिकित्सालय में, लोक निर्माण, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, सिंचाई विभाग, कृषि विभाग आदि सभी विभागों में संलग्नीकरण के रूप में कार्य लिया जा रहा है, जिससे म.प्र.शासन की मंशा है कि सभी योजनाओं का सफल कार्य किया जाकर जनता को लाभ प्राप्त हो सकें, किन्तु संलग्नीकरण जैसे कार्य करके जनता / बच्चों को उसका लाभ प्राप्त नहीं हो रहा है, कर्मचारियों को वेतन अपने पद के अनुसार चाहिये है, किन्तु कार्य वह अपनी पदस्थापना का नहीं करना चाहते है, जिसके कारण कई शैक्षणिक स्कूलों का रिजल्ट भी अत्यंत खराब हो रहा है, साथ ही बच्चों का भविष्य भी स्वराब हो रहा है. विभागीय योजनाओं का सफल क्रियान्वयन भी नहीं हो पा रहा है. अतः म.प्र.शासन तथा जिला प्रशासन से आपेक्षा की जाती है, कि जिस कर्मचारी की पदस्थापना शासन द्वारा निर्धारित की गई है, उन्हें वहीं पर पदस्थ किया जावें. संलग्नीकरण, अटैच जैसे कार्य ना किये जावें चाहे किसी भी प्रकार से कोई दवाब डाला जावें, उसका पालन सुनिश्चित किया जावें, तब जाकर म.प्र.शासन की जो मंशा है, उसका परिणाम आपकों स्वयं दिखेगा ।